खास खबरें

साइना की हार के साथ इंडिया ओपन में खत्म हुआ भारत का सफर

नई दिल्ली(एजेंसी)। दो बार की ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट साइना नेहवाल को चीन की चेन यू फेई के हाथों मिली हार के साथ गुरुवार को इंडिया ओपन 2023 में मेज़बान भारत का सफर समाप्त हो गया। इंदिरा गांधी स्टेडियम के केडी जाधव हॉल में सिर्फ 32 मिनट चले मुकाबले में चेन ने साईना को 21-9, 21-12 से मात दी। दूसरी ओर, भारत के स्टार शटलर और विश्व चैंपियनशिप मेडलिस्ट लक्ष्य सेन दूसरे दौर में डेनमार्क के रासमस गेमके से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गये। वहीं, भारतीय शटलर सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी की ग्रोइन इंजरी के कारण सात्विक और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी घरेलू टूर्नामेंट से बाहर हो गयी है। भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) ने गुरुवार को यह जानकारी दी। सात्विक-चिराग ने टूर्नामेंट के पहले चरण में स्कॉटलैंड के क्रिस्टोफर ग्रिमली और मैथ्यू ग्रिमली को 21-13, 21-15 से मात दी थी। दूसरे चरण में भारतीय जोड़ी का सामना चीन के ओऊ शुआनयी एवं लियु यूचेन से होना था। सात्विक-चिराग के बाहर होने का अर्थ है कि अब शुआनयी-यूचेन की जोड़ी सीधा क्वार्टरफाइनल में खेलेंगे। दूसरी ओर, कृष्ण गरग और विष्णु पंजाला की जोड़ी टूर्नामेंट की पुरुष युगल प्रतियोगिता में चीन के लियांग वीकेंग और वांग चैंग के खिलाफ भारत का प्रतिनिधित्व करेगी।

फीफा विश्वकप में पांच अरब लोग जुड़े : फीफा

जिनेवा (एजेंसी)। फीफा ने कतर में आयोजित विश्वकप फुटबाल प्रतियोगिता के एक महीने बाद टूर्नामेंट के शुरूआती आंकड़ों की घोषणा की जिसके अनुसार विश्वकप से करीब पांच अरब लोग जुड़े। फीफा की एक समाचार विज्ञप्ति में बुधवार को घोषणा यह की गई। नीलसन के अनुसार सोशल मीडिया पर के सभी प्लेटफार्मों पर 93.60 लाख पोस्ट हैं, जिसमें 262 अरब संचयी पहुंच और 5.95 अरब की सहभागिता हैं। कतर 2022 ने विश्व कप रिकॉर्ड की एक श्रृंखला बनाई। तीस लाख 40 हजार दर्शकों ने स्टेडियमों में मैच देखे, जो इतिहास में सबसे अधिक है। टूर्नामेंट के दौरान सबसे अधिक 172 गोल किए गए। अर्जेंटीना के लियोनेल मेसी ने सबसे अधिक 26 विश्व कप मैच खेले और जर्मनी के लोथर मैथॉस के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया और क्रोएशिया के खिलाफ मैच में कनाडा के अल्फोंसो डेविस का 68 सेकंड का गोल विश्व कप इतिहास का सबसे तेज गोल था। विश्वकप फुटबाल का खिताब अर्जेंटीना ने जीता था।

आकाशदीप के दो गोल से भारत ने वेल्स को हराया, पूल-डी में रहा दूसरे स्थान पर

भुवनेश्वर (एजेंसी)।

भारत ने प्लेयर ऑफ द मैच आकाशदीप सिंह के दो गोलों की बदौलत गुरुवार को एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप 2023 में वेल्स को 4-2 से हराकर पूल-डी में दूसरा स्थान हासिल किया। कलिंगा स्टेडियम पर खेले गये मुकाबले में शमशेर सिंह (21वां मिनट) और हरमनप्रीत सिंह (59वां मिनट) ने भारत के लिये एक-एक गोल किया, जबकि आकाशदीप (32वां, 45वां मिनट) ने दो गोल जमाये।

भारत को पूल-डी में पहला स्थान हासिल करने के लिये कम से कम आठ गोल के अंतर से जीतने की जरूरत थी, हालांकि मेजबान टीम यहां वैसी आक्रामकता नहीं दिखा सकी। भारत ने पहली सीटी बजते ही वेल्स के अर्द्ध में जगह बना ली लेकिन गोलकीपर टोबी रेनोल्ड्स कॉटेरिल ने उसे गोल नहीं करने दिया। मनदीप सिंह ने पहला क्वार्टर समाप्त होने से ठीक पहले गोल पर एक और निशाना साधा मगर इस बार भी गेंद कॉटेरिल को पार नहीं कर सकी। भारतीय टीम ने अपने तीसरे मुकाबले में बेल्स के खिलाफ हाफ टाइम में ही बढ़त बना ली थी। भारत की ओर से शमशेर सिंह ने 21वें मिनट में शानदार खेल दिखाया और पेनल्टी कॉर्नर पर शानदार गोल किया. शमशेर सिंह ने पेनल्टी कॉर्नर में तेज शॉट मारा जिसे रोकने में वेल्स के गोलकीपर असफल रहे। वहीं हाफ टाइम के बाद के बाद भारत का दूसरा गोल मैच के 32वें मिनट में आया। टीम के लिए दूसरा गोल आकाशदीप सिंह ने किया। आकाशदीप यहीं नहीं रूके उन्होंने अपना शानदार खेल दिखाते हुए मैच के 45वें मिनट में एक और शानदार गोल किया. वहीं टीम की जीत मैच के 59वें मिनट में हरमनप्रीत सिंह ने पक्की कर दी। उन्होंने पेनल्टी के जरिए भारत के लिए चौथा और अपना पहला गोल दागा। वेल्स के खिलाफ मुकाबला जीतने के बाद भी टीम इंडिया सीधे तौर पर वर्ल्ड कप के क्वार्टर फाइनल में नहीं पहुंच पाई है. भारत को क्वार्टर फाइनल में सीधे पहुंचने के लिए वेल्स को 8-0 से हराना था पर टीम इंडिया ऐसा नहीं कर पाई। भारत और इंग्लैंड दोनों के तीन तीन मैचों में सात सात अंक रहे, लेकिन इंग्लैंड की टीम बेहतर गोल अंतर की बदौलत पूल डी में शीर्ष पर रही। इंग्लैंड ने पूल डी के मैच में स्पेन को 4-0 से हराया। इंग्लैंड ने पूल में शीर्ष पर रहकर सीधे क्वार्टर फाइनल के लिये क्वालीफाई किया जबकि भारत और स्पेन क्वार्टरफाइनल के अन्य चार स्थानों के लिये 'क्रॉस-ओवर मैच खेलेंगे। इस पूल में दूसरे और तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम को क्रॉसओवर खेलना होगा।

चिली को 14-0 से रौंदकर नीदरलैंड ने विश्वकप में सबसे बड़ी जीत का रिकॉर्ड बनाया

नीदरलैंड ने पूल-सी के एकतरफा मुकाबले में चिली को 14-0 से रौंदकर उसकी क्वार्टरफाइनल में पहुंचने की सभी उम्मीदें समाप्त कर दीं। यह हॉकी विश्व कप के इतिहास की सबसे बड़ी जीत है। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने विश्व कप 2010 में दक्षिण अफ्रीका को 12-0 से हराया था। कलिंगा स्टेडियम पर खेले गये मुकाबले में जिप जैनसेन (छठे, 29वें, 34वें, 44वें) ने नीदरलैंड के लिये चार गोल किये, जबकि कप्तान थिएरी ब्रिंकमैन (25वां, 33वां, 58वां) ने तीन गोल जमाये। कोएन बिजेन ने विजेता टीम के लिये दो गोल किये जबकि डर्क डी विल्डर, थिज्स वैन डैम, पीटर्स टेरेंस, ब्लोक जस्टेन और टेन बीन्स ने एक-एक गोल किया। अपना पहला विश्व कप खेल रही चिली के पास तीन बार की चैंपियन नीदरलैंड का कोई जवाब नहीं था। जैनसेन ने छठे मिनट में गोल करके इस ऐतिहासिक जीत की शुरुआत कर दी और हर गोल के साथ चिली क्वार्टरफाइनल से दूर होता गया। नीदरलैंड तीन मैचों में तीन जीत हासिल करके पूल-सी से सीधा क्वार्टरफाइनल में पहुंच गयी है, जबकि क्रमश: दूसरे और तीसरे स्थान पर मौजूद मलेशिया और न्यूजीलैंड को क्रॉसओवर मुकाबले खेलने होंगे।

इंग्लैंड ने स्पेन को हराकर पूल में प्रथम स्थान बनाते क्वार्टर फाइनल में किया प्रवेश

इंग्लैंड ने पूल-डी मुकाबले में स्पेन को 4-0 से हराते हुए पूल में पहला स्थान बनाया और सीधे क्वार्टर फाइनल में स्थान सुनिश्चित कर लिया। एकतरफा मुकाबले में फिल रोपर (10वां), डेविड कॉन्डन (21वां), निकोलस बैंडरुक (50वां) और लायम एंसल (51वां मिनट) ने इंग्लैंड के गोल किये। इस मुकाबले के साथ ही इंग्लैंड ने बिना कोई गोल दिये पूल स्टेज का समापन भी किया। पूल-डी में पहला स्थान सुरक्षित करने के लिए शुरुआत से ही आक्रामक रही इंग्लैंड ने रोपर और कॉन्डन के गोलों से आवश्यक लीड अर्जित कर ली। पहला हाफ समाप्त होने से पूर्व स्पेन ने भी मौके बनाये, हालांकि वह उनका फायदा नहीं उठा सका। मैच के 14वें मिनट में स्पेन को पेनल्टी कॉर्नर मिला, जिसे वह गोल में नहीं तब्दील कर सका। दूसरे क्वार्टर में कॉन्डन के गोल से पूर्व भी स्पेन स्कोर करने के करीब आया, हालांकि इंग्लैंड का रक्षण इस बार भी अभेद्य साबित हुआ। स्पेन ने गोल करने की आकांक्षा के साथ तीसरे क्वार्टर में आक्रामक खेल दिखाया, हालांकि 38वें मिनट में मिले एकमात्र पेनल्टी कॉर्नर का वह लाभ नहीं ले सका। इंग्लैंड ने इसके बाद आखिरी क्वार्टर में अपनी 100 प्रतिशत क्षमता का प्रदर्शन किया। क्वार्टर के पहले ही मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर असफल होने के बाद भी इंग्लैंड ने आक्रण करते हुए 50वें मिनट में फील्ड गोल कर लिया। मार्क विज़कियानो को 51वें मिनट में ग्रीन काड 'देखकर पिच से बाहर जाना पड़ा और लायम ने इसका फायदा उठाते हुए इसी मिनट में इंग्लैंड का चौथा गोल कर दिया।

रोमांचक मुकाबले में मलेशिया की जीत: वहीं मलेशिया ने फ़ैज़ल सारी के निर्णायक गोल की बदौलत रोमांचक पूल-सी मुकाबले में न्यूजीलैंड को 3-2 से मात दी। कलिंगा स्टेडियम पर खेले गये मुकाबले में मलेशिया के लिये फ़ैज़ल सारी (आठवां, 56वां मिनट) ने दो जबकि राज़ी रहीम (42वां मिनट) ने एक गोल किया। न्यूजीलैंड के गोल हेडेन फिलिप्स (51वां) और सैम लेन (52वां मिनट) ने दागे।

दर्द को दरकिनार कर जोकोविच तीसरे दौर में

मेलबर्न (एजेंसी)।

दसवीं बार ऑस्ट्रेलियाई ओपन का खिताब अपने नाम करने के लक्ष्य के साथ कोर्ट में उतरे सर्बिया के नोवाक जोकोविच ने गुरूवार को फ्रांस के एंज़ो कॉकौड को दिलचस्प मुकाबले में 6-1, 6-7, 6-2, 6-0 से हराकर तीसरे दौर में प्रवेश कर लिया।

रॉड लेवर एरिना में तीन घंटे चार मिनट तक चले मुकाबले में जोकोविच ने बाएं पैर में हैमस्ट्रिंग की चोट के बावजूद कॉकौड को मात दी। वहीं, दुनिया की नंबर 5 आर्यना सबालेंका की साल में जीत की शुरूआत जारी रही क्योंकि उन्होंने फ्लोटर शेल्बी रोजर्स को हराकर तीसरे दौर में प्रवेश किया। सबालेंका ने रोजर्स पर 6-3, 6-1 से जीत दर्ज कर मेलबर्न में रॉड लेवर एरिना में तीसरे सीधे वर्ष के लिए तीसरे दौर में प्रवेश किया। एक घंटे 27 मिनट तक चले इस मैच में उन्होंने 32 विनर्स लगाए, जो रोजर्स के 17 विनर्स से लगभग दोगुना था। सबालेंका तीसरे दौर में अपने पूर्व नियमित युगल जोड़ीदार, नंबर 26 वरीयता प्राप्त एलिस मर्टेंस से भिड़ेंगी। बेल्जियम की मर्टेंस ने अमेरिका की लॉरेन डेविस को एक घंटे 12 मिनट में 6-4, 6-3 से हराया। उन्होंने डेविस की आठ मैचों की जीत के क्रम को समाप्त कर दिया, जिसने पिछले सप्ताह क्वालीफायर के रूप में होबार्ट खिताब जीता था। मर्टेंस ने आस्ट्रेलियन ओपन में अच्छा प्रदर्शन किया है, इस कार्यक्रम में अपने मुख्य ड्रा डेब्यू में वह 2018 के सेमीफाइनल में पहुंच गई। बेल्जियन ने मेलबोर्न में अपने सभी छह मुख्य ड्रा मुकाबलों में तीसरा राउंड या उससे बेहतर प्रदर्शन किया है। हालांकि, सबालेंका अपनी एकल प्रतिद्वंद्विता में 6-2 से आगे हैं। अपने सबसे हालिया मुकाबले में, सबालेंका ने 2021 यूएस ओपन में राउंड 16 में मर्टेंस को 6-4, 6-1 से हराया था।

दूसरे दौर में ही बाहर हुए कैस्पर रुड: पुरुष एकल में शीर्ष वरीयता वाले राफेल नडाल के बाद दूसरी वरीयता वाले कैस्पर रुड भी दूसरे दौर में ही हारकर बाहर हो चुके हैं। ऑस्ट्रेलियन ओपन के दूसरे दौर में कैस्पर रुड को अमेरिका के जेन्सन ब्रुक्स्बी ने 6-3, 7-5, 6-7, 6-2 से हराया। इसके साथ ही खिताब जीतने के दो प्रबल दावेदार टूर्नामेंट से बाहर हो चुके हैं। कैस्पर रुड के भी इस टूर्नामेंट से बाहर होने का तरीका नडाल से मिलता-जुलता है। दूसरे राउंड में शुरुआती दो सेट गंवाने के बाद उन्होंने मेडिकल टाइम आउट लिया था और तीसरा सेट 7-6 के करीबी अंतर से अपने नाम किया। हालांकि, चौथे सेट तक वह अपनी लय खो चुके थे और टेनिस रैंकिंग में 39वीं रैंकिंग पर काबिज ब्रूक्स्बी से 2-6 के अंतर से हार गए। इसके साथ ही इस टूर्नामेंट में उनका सफर खत्म हो गया।

सानिया और डेनिलिना ने महिला युगल का पहला दौर जीता

अपना आखिरी ग्रैंडस्लैम खेल रही भारतीय टेनिस स्टार सानिया मिर्जा ने आस्ट्रेलियाई ओपन महिला युगल के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया। भारत की शीर्ष टेनिस खिलाड़ी सानिया मिर्जा ने अपने आखिरी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में गुरुवार को यहां कजाकिस्तान की अन्ना डेनिलिना के साथ महिला युगल के पहले दौर में जीत के साथ अपने आस्ट्रेलियाई ओपन अभियान की शानदार शुरूआत की। इंडो-कजाख जोड़ी ने यूक्रेनी-बेल्जियम की जोड़ी एनहेलिना कालिनिना और एलिसन वान उइतवैंक को 6-2, 7-5 से हराया। सानिया और अन्ना का सामना शुक्रवार को दूसरे दौर में यूक्रेन-बेल्जियम की जोड़ी एनहेलिना कालिनिना और एलिसन वान यूत्वांक से होगा। पुरुषों की एक अन्य जोड़ी रामकुमार रामनाथन और उनके मैक्सिकन साथी मिगुएल एंजेल रेयेस-वरेला को ग्रीक जोड़ी स्टेफानोस सितसिपास और उनके भाई पेट्रोस के हाथों 6-3, 5-7, 3-6 से हार का सामना करना पड़ा।

एफआईएच अध्यक्ष ने की खेलमंत्री अनुराग ठाकुर से मुलाकात

नई दिल्ली(एजेंसी)। अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) के अध्यक्ष तैयब इकराम ने खेल और युवा मामलों के मंत्री अनुराग ठाकुर से बुधवार को मुलाकात की और उन्हें ओडिशा में खेले जा रहे हॉकी विश्वकप समेत एफआईएच से जुड़े अन्य विषयों की जानकारी दी। इकराम ने बैठक के बाद एक बयान जारी कर कहा कि मैं एफआईएच की ओर से भारत के खेल और युवा मामलों के मंत्री अनुराग ठाकुर के प्रति अपना कीमती समय देने के लिये आभार व्यक्त करता हूं।

रणजी ट्रॉफी में विदर्भ के खिलाफ सिर्फ 73 रन के लक्ष्य का पीछा नहीं कर पाई गुजरात टीम

नागपुर (एजेंसी)। रणजी ट्रॉफ़ी के एलीट ग्रुप डी के एक लीग मुक़ाबले में गुरुवार को गुजरात की टीम विदर्भ द्वारा दिए गए 73 रन के मामूली लक्ष्य का पीछा नहीं कर सकी और सिर्फ़ 54 रन पर ऑलआउट होकर 17 रन से मुक़ाबला हार गई। यह भारतीय प्रथम श्रेणी क्रिकेट में सबसे कम स्कोर के बचाव का रिकॉर्ड है। इससे पहले यह रिकॉर्ड बिहार के नाम था, जब उन्होंने 1948-49 में जमशेदपुर में दिल्ली के खिलाफ 78 रन के लक्ष्य का सफलतापूर्वक बचाव किया था। यह मैच के जामथा मैदान में खेला गया, जहां पर 9 फ़रवरी से भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पहला टेस्ट मैच होना निर्धारित है। हालांकि यह मैच साइड पिच पर खेला गया, जबकि भारत-ऑस्ट्रेलिया मैच सेंट्रल पिच पर खेला जाएगा। विदर्भ के लिए इस जीत के हीरो बाएं हाथ के स्पिनर आदित्य सरवटे रहे, जिन्होंने दूसरी पारी में सिर्फ़ 17 रन देकर छह विकेट झटके। उन्होंने पहली पारी में भी पांच विकेट लिए थे। बुधवार को गुजरात के बाएं हाथ के स्पिनर सिद्धार्थ देसाई ने छह विकेट लेकर विदर्भ को दूसरी पारी में सिर्फ़ 254 रन पर रोक दिया था। उस समय ऐसा लगा था कि गुजरात इस मैच को आसानी से जीत जाएगा। दूसरे दिन की खेल की समाप्ति पर गुजरात का स्कोर छह रन पर एक विकेट था। लेकिन खेल के तीसरे दिन सरवटे ने मैच को एकदम से ही पलट दिया। उन्होंने अपना कमाल दिखाते हुए गुजरात के बल्लेबाज़ी क्रम को तहस-नहस कर दिया। उनको अपनी टीम के दूसरे बाएं हाथ के स्पिनर हर्ष दुबे से भी पर्याप्त सहयोग मिला, जिन्होंने 11 रन देकर तीन विकेट लिए। 18 रन पर रन आउट होने वाले सिद्धार्थ एकमात्र बल्लेबाज़ रहे, जिन्होंने गुजरात की तरफ़ से दूसरी पारी में दोहरे अंक को छुआ। मैच के दौरान 81 रन देकर 11 विकेट लेने वाले सरवटे को प्लेयर ऑफ़ द मैच दिया गया। इस जीत के बाद विदर्भ, पंजाब के साथ अपने ग्रुप में संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर है। हालांकि मध्य प्रदेश को फ़ॉलो ऑन देने वाला पंजाब अपने मैच की समाप्ति के बाद दूसरे स्थान पर आ सकता है।

पत्रिका फाइनल में, खिताबी भिड़ंत टाइम्स से 28 को

भोपाल(खेप्र)। पत्रिका ने दैनिक जागरण को 62 रनों से हराकर 28वें आईईएस-डिजिआना इंटर प्रेस क्रिकेट टूर्नामेंट 2023 के फाइनल में प्रवेश कर लिया है, जहां उसका सामना टाइम्स ऑफ इंडिया से होगा। दिन के दूसरे मैच में यासिर के दोहरे प्रदर्शन से रिआन वॉटर ने यूआईपीएल को 17 रनों से हराया। इस जीत के साथ रिआन क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर गई है।

ओल्ड कैंपियन मैदान पर दिन के पहले मैच में पत्रिका ने नौ विकेट पर 149 रन बनाए। इसमें अभिषेक श्रीवास्तव ने 36 और पीसी रजक ने 31 रन बनाए। जागरण की ओर से शशि शेखर ने 29 रन देकर तीन विकेट झटके। जबकि कप्तान मृगेंद्र सिंह ने 4 ओवर में 22 रन देकर दो विकेट लिए। जवाब में जागरण टीम 87 रनों तक पहुंच पाई। उसकी ओर से कप्तान मृगेंद्र सिंह ने 16 गेंदों में चार चौकों की मदद से सर्वाधिक 22 रन बनाए। भरत और राजेश्वर ने 13-13 रन बनाए। मुकेश मानसरोवर प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए। उन्हें आईईएस यूनिवर्सिटी के चांसलर इंजीनियर बीएस यादव और सीनियर जर्नलिस्ट रवि खरे ने पुरस्कृत किया।

नाम परिवर्तन

मेरा नाम बल्लूराम सिरसोदिया है मैंने अपना नाम अभिलेखों के आधार पर परिवर्तन कर मोहरसिंह सिसोदिया पुत्र श्री हेमराज सिसोदिया आयु 45 वर्ष, वर्तमान निवास-ग्राम 4, बंजारा बस्ती कोकता, तहसील हुजूर, जिला भोपाल म.प्र. कर लिया है अब भविष्य में मुझे से इसी नाम से जाना एवं पहचाना जाये। **प्रार्थी (पुराना नाम)** बल्लूराम सिरसोदिया पुत्र हेमराज सिसोदिया आयु 45 वर्ष, निवासी-ग्राम बडाखेडा, पंचायत गोदावल, जिला रायसेन म.प्र. , **प्रार्थी (नया नाम)** मोहर सिंह सिसोदिया पुत्र श्री हेमराज सिसोदिया आयु-45 वर्ष, निवासी-ग्राम 4 बंजारा बस्ती कोकता, तहसील हुजूर, जिला भोपाल म.प्र. 457

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार Piramal Capital & Housing Finance Ltd. भोपाल कार्यालय-प्लाट नं. 10 अलंकार काम्पलेक्स, मेजनाइन फ्लोर, बैंक स्ट्रीट, एम.पी. नगर, जोन-2, भोपाल-462011 (म.प्र.) द्वारा श्रीमती राधाबाई पत्नी श्री सुरेश की सम्पत्ति मकान मय प्लाट, जिसका प्लाट क्षेत्रफल 900 वर्गफिट है, जिस पर 190 वर्गफिट बना हुआ है तथा शेष 710 वर्गफिट खुला भाग है तथा जो कि फूटी बावडी, बाग उमराव दूल्हा के पास, वार्ड नं. 41 तहसील हुजूर जिला भोपाल (म.प्र.) में स्थित है, जिसकी चतुर्थ सीमायें पूर्व में-विक्रेतागण की खुली भूमि के बाद गली, पश्चिम में-त्रिपाठी सिपाही का मकान, उत्तर में-शासकीय रास्ता, दक्षिण में-अजय कुमार राही का मकान है (जो कि उन्हें पूर्व सम्पत्ति स्वामी श्री चिरोंजीलाल साहू की मृत्यु के पश्चात नामांतरण के जरिये प्राप्त हुई है), को सम्यक बंधक करके ऋण प्रदान किया जाना प्रस्तावित है, उक्त सम्पत्ति संबंधित रजिस्टर्ड विक्रय पत्र मूल दस्तावेज क्र. 2501 (ग) दिनांक 13.11.1995 का लास्ट पेज गुम हो गया है। यदि उक्त सम्पत्ति को सम्यक बंधक करने में सर्वसाधारण, किसी शासकीय, अशासकीय, किसी बैंक या वित्तीय संस्था आदि को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या किसी प्रकार को कोई लेना-देना निकलता हो, उनके पक्ष में ऊपरवर्णित सम्पत्ति विक्रय, बंधक, सम्यक बंधक, दान या किसी प्रकार से हस्तांतरण आदि की गयी हो या उससे संबंधित विवाद किसी भी न्यायालय में विचाराधीन हो तो वह इस सूचना प्रकाशन दिनांक से 07 (सात) दिन के अंदर अपनी लिखित आपत्ति मय दस्तावेज के मेरे निम्नलिखित पते पर प्रस्तुत कर दें, समयावधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर मेरे पक्षकार उक्त सम्पत्ति को सम्यक, बंधक करके उक्त ऋण सुविधा प्रदान कर देंगे तथा भविष्य में कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

(राजेन्द्र प्रसाद त्रिपाठी, अधिवक्ता)
फ्लैट नं. सी-106, प्रथम तल, चंदन ब्लाक, चिनार रिट्रीट, जीवन मोटर्स के पीछे, अरेरा हिल्स भोपाल-462011(म.प्र)
मो. 9827223510,798746025
450

कार्यालय : रिटर्निंग अधिकारी अभियंता नगर गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित, भोपाल
(पंजीयन क्रमांक / डी.आर.बी./739, दिनांक 26.04.1997)
क्रमांक/निर्वा./2023/02
दिनांक : 19.01.2023

निर्वाचन आमसभा की सूचना

संस्था के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था के संचालक मण्डल के निर्वाचन बाबत निर्वाचन आमसभा दिनांक 03.02.2023, दिन शुक्रवार को दोपहर 12.30 बजे से स्थान-होटल स्मृति ग्राण्ट रोहित नगर चौराहा, महेंद्रा पेट्रोल पंप के पीछे, बावड़ियाकलां, जिला भोपाल पर आयोजित की गई है रिटर्निंग अधिकारी श्रीमती अखिलेष तोमर नैन मो.नं. 9827745560 द्वारा दिनांक 27.01.2023 को दोपहर 1 से 3 बजे तक नामांकन पत्र लिये जावेंगे दिनांक 27.01.2023 को दोपहर 03 से नियोजन पत्रों की जांच की जावेगी उपरोक्त दोनों कार्यक्रम स्थान-संस्था कार्यालय अभियंता नगर, बावड़ियाकला, जिला भोपाल पर सम्पन्न होंगे तथा दिनांक 28.01.2023 को दोपहर 01 से 03 बजे तक स्थान-कार्यालय उपायुक्त, सहकारिता, डी-ब्लाक, पुराना सचिवालय, जिला भोपाल पर नाम वापस लिये जा सकेंगे तत्पश्चात सूची का अंतिम प्रकाशन एवं चुनाव चिन्हों का आवंटन किया जावेगा। आमसभा की सूचना के साथ निर्वाचन अधिकारी द्वारा घोषित कार्यक्रम की सूचना सदस्यों को पृथक से स्पीट पोस्ट डाक द्वारा भेजी गई है।

अध्यक्ष
अभियंता नगर गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित, भोपाल
451

कार्यालय : प्रशासक माइनोरिटी गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित, जिला-भोपाल
(पंजीयन क्रमांक / डी.आर.बी./207, दिनांक 30.03.1981)
क्रमांक/निर्वा./2023/02
दिनांक : 19.01.2023

निर्वाचन आमसभा की सूचना

संस्था के समस्त सम्माननीय सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था के संचालक मण्डल के निर्वाचन बाबत निर्वाचन आमसभा दिनांक 05.02.2023, दिन रविवार को प्रातः 10.30 बजे से स्थान-5/1, औद्योगिक क्षेत्र गोविन्दपुरा, जिला-भोपाल पर आयोजित की गई है। रिटर्निंग अधिकारी द्वारा घोषित कार्यक्रम अनुसार-नामांकन पत्र दिनांक 27.01.2023 को दोपहर 12:00 बजे से 02 बजे तक तथा दिनांक 28.01.2023 को दोपहर 12:00 बजे से नियोजन पत्रों की जांच की जावेगी, दिनांक 29.01.2023 को दोपहर 12:00 बजे से 02:00 बजे तक नाम वापस लिये जा सकेंगे, उपरोक्त समस्त कार्यक्रम स्थान-कार्यालय उपायुक्त, सहकारिता, डी-ब्लाक, पुराना सचिवालय, जिला भोपाल में किया जावेगा, तत्पश्चात उम्मीदवारों की सूची का अंतिम प्रकाशन एवं चुनाव चिन्हों का आवंटन रिटर्निंग अधिकारी श्री विलीन खटावकर द्वारा किया जावेगा। आमसभा की सूचना के साथ रिटर्निंग अधिकारी द्वारा घोषित कार्यक्रम की सूचना सदस्यों को पृथक से स्पीड पोस्ट/साधारण डाक द्वारा भेजी गई है।

प्रशासक
माइनोरिटी गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित, जिला-भोपाल
452

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा श्रीमती अरविंद देवी पत्नि श्री अखिलेशवर कुमार सिंह निवासी म.नं. 2980 श्यामनगर माता मंदिर के पास बरखेड़ा पठानी भोपाल म.प्र. के द्वारा विक्रय अनुबंध पत्र दिनांक 19.1.2023 के माध्यम से क्रय किया गया है। उक्त क्रयशुदा सम्पत्ति के संबंध में यदि किसी संस्था, बैंक, निकाय व व्यक्ति के पास किसी प्रकार के स्वामित्व व आधिपत्य संबंधी दस्तावेज हो तो इस प्रकाशन के 3 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में उपस्थित होवे। सम्पति का विवरण निम्नानुसार है: म.नं. 3026 एक किता आवासीय एक मंजिला क्रमांक 3028 बागवाला कुंआ बरखेड़ा पठानी तह. हुजूर जिला भोपाल जिसका कुल क्षेत्रफल 25X45=1125 स्क्वायर फिट प.ह.नं. 19, रा.नि.मं. 02 वि.ख. फंदा तहसील हुजूर जिला भोपाल में स्थित है जिसमें 25X25 पर एक मंजिला पक्का मकान बना है तथा 8X8 के दो कमरे शेड का निर्मित है तथा शेष स्थान रिक्त है। जिसकी चतुर्थ सीमायें निम्नानुसार है:-पूरब में-10 फिट रास्ते के बाद कोशलमुनी ओझा का प्लाट, पश्चिम में- लल्लन प्रसाद शुक्ला का प्लाट, उत्तर में-सुखलाल विश्वकर्मा का मकान, दक्षिण में- 10 फिट के रास्ते के बाद जगदीश गिरी का मकान अतः उक्त वर्णित अवधि में उक्त सम्पत्ति के संबंध में यदि कोई दस्तावेज कब्जे व आधिपत्य में हो तो लेकर उपस्थित होवें समयावधि व्यतीत हो जाने के उपरांत किसी प्रकार के दस्तावेज मान्य नहीं होंगे।

(अमीन्द्र तिवारी, अधिवक्ता)
134, बजरंग मार्केट बरखेड़ा भेल, भोपाल, म.प्र. 462021
मो.नं. 9826298255, 8109791906
453

कार्यालय संपदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल प्रक्षेत्र-1, गोमतिका परिसर , जवाहर चौक, भोपाल

आम सूचना

हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, हर्षवर्धन नगर, भोपाल में स्थित फ्लेट क्रमांक एम.आई.जी-58 प्रथम तल मंडल द्वारा 1. श्री अनिल कुमार काश्वि आत्मज श्री फूलचन्द जी, 2. श्री फूलचन्द जी आत्मज श्री बिन्द्रावन जी के नामों से हस्तांतरित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख पंजीयन कार्यालय से दिनांक 09.02.1999 को पंजीकृत है। इनमें से श्री फूलचन्द जी का स्वर्गवास दिनांक 19.06.2022 को हो गया है। आवेदक श्री अनिल कुमार काश्वि आत्मज श्री फूलचन्द जी द्वारा मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, अन्य वारिसों के अनापत्ति शपथ पत्र एवं मंडल का निर्धारित आवेदन पत्र व अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त सम्पत्ति में से स्व. श्री फूलचंद जी का नाम विलोपित कर अपने एकल नाम पर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त दस्तावेजों के आधार पर उक्त सम्पत्ति में से नाम विलोपित कर नामांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के संबंध में किसी व्यक्ति/ उत्तराधिकारी/ संस्था/ वित्तीय संस्था इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अंदर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं मंडल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

सम्पदा अधिकारी
म. प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल प्रक्षेत्र-1, भोपाल
454

In The Court of Prineipal Judge, Family Court, Distt. Bhopal
Presiding Officer :संजय कृष्ण जोशी
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु
(RCS HM/0000375/2022)
सुरेन्द्र ठाकुर....**वादी** VS वृन्दा राजपूत......**प्रतिवादी**
Process ID-/2023
पेशी दिनांक - 27/02/2023

प्रेषिती- (1) वृन्दा राजपूत पति सुरेन्द्र सिंह ठाकुर पता- निवासी-वार्ड नंबर-14 जय प्रकाश नारायण बैरसिया जिला भोपाल मध्यप्रदेश पुलिस थाना बैरसिया जिला भोपाल, यह कि प्रार्थी सुरेन्द्र ठाकुर ने आपके विरुद्ध धारा 13 हिंदू विवाह अधिनियम के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिए उपसंजात/हाजिर होने के लिए सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें। जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आन अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ से करने के इच्छुक है तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करायें। यह आज तारीख 05 जनवरी 2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है। **कृपया ध्यान दें-1.** यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

न्यायाधीश, संजय कृष्ण जोशी
प्रधान न्यायाधीश
कुटुम्ब न्यायालय, भोपाल
455

न्यायालय आयुक्त, भोपाल संभाग, भोपाल डी ब्लॉक, पुराना सचिवालय, भोपाल
अपील प्र.क्र. 0237/अपील/2022-23 483 भोपाल, दिनांक-17.1.2022/ 18.01.2023

पक्षकारन-1. श्री मटरू आ. श्री केवलराम मीना..**अपीलार्थी, बनाम** 1.श्रीमती मंजू त्रिपाठी पत्नि श्री एस.डी. त्रिपाठी... **उत्तरवादीगण**, आदेश-5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता

सूचना पत्र

प्रति, 1. श्रीमती मंजू त्रिपाठी पत्नि श्री एस.डी. त्रिपाठी, 2. श्रीमती प्रतिभा त्रिपाठी पत्नि श्री सुरेन्द्र दत्त त्रिपाठी, दोनों निवासी 11, शाहजहानाबाद, भोपाल। एतद द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि श्री मटरू आ. श्री केवलराम मीना, निवासी शाहपुर, तहसील हुजूर, जिला भोपाल ने न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी, हुजूर, जिला भोपाल के राजस्व अपील प्रकरण क्रमांक 0088/अपील/2021-22 में पारित आदेश दिनांक 31/10/2022 से परिवेदित होकर म.प्र. भू-राजस्व संहिता, 1959 की धारा 44 (2) के अंतर्गत द्वितीय अपील प्रस्तुत की गई है, जिसमें न्यायालयीन सूचना पत्रों के माध्यम से समय-समय पर आपको सूचना दी जा रही है, किन्तु आपको सूचना पत्र तामील नहीं हो पा रहा है। इसलिये आपको इस विज्ञप्ति के माध्यम से अवगत कराया जाता है कि अब यह प्रकरण में दिनांक 01.02.2023 (बुधवार) को सुनवाई हेतु नियत है। यदि नियत दिनांक को शासकीय अवकाश होता है तो सुनवाई आगामी कार्य दिवस को होगी। अतः आप स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 01.02.2023 (बुधवार) को दोपहर 3.00 बजे न्यायालय आयुक्त, भोपाल संभाग, भोपाल, डी ब्लॉक, पुराना सचिवालय, भोपाल में पक्ष समर्थन हेतु उपस्थित हों। अनुपस्थिति की दशा में आपके विरुद्ध विधिवत एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी। सूचना पत्र आज दिनांक 17.01.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।
(आयुक्त द्वारा आदेशित)

सील
किरण गुप्ता,
उपायुक्त, राजस्व भोपाल संभाग,भोपाल
456

पश्चिम मध्य रेल
विद्युत (सामान्य) शाखा, खुली निविदा
निविदा क्रमांक: WCR-2023-TN000001
Dated 16.01.2023

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत सामान्य), पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्न लिखित कार्यों हेतु आवेदन निर्धारित निविदा फार्म पर खुली निविदा आमंत्रित करता है:- **निविदा सूचना** क्रमांक: निविदा सूचना क्र.: WCR-2023-TN000001 दिनांक 16.01.2023, **कार्य का नाम लोकेशन सहित:** पश्चिम मध्य रेलवे के 3 मंडलो मे रूफटॉप/COP, सौर पीवी प्रणाली का कार्यान्वयन" परियोजनाएं डिजाइन पर सार्वजनिक निजी भागीदारी ("पीपीपी") के माध्यम से 12 मेगावाट की कुल क्षमता वाले जबलपुर, भोपाल और कोटा मंडल के विभिन्न स्थानों पर स्थित हैं। निर्माण. वित्त. संचालन और हस्तांतरण ("डीबीएफओटी") आधार और दीर्घकालिक निश्चित दर पीपीए के तहत रेलवे को बिजली की आपूर्ति हेतु।, **निविदा फार्म की कीमत** (₹): 34,800/-, **कार्यालय का पता जहां टेन्डर फार्म खरीदी जा सकती है:** वरि. मंडल विद्युत अभियंता/सामान्य/ जबलपुर, **बयाना राशि** (₹): 10.68 lakh per MW-, **समापन अवधि (माह):** 09 माह, **निविदा जमा करने की तिथि एवं समय (15:00 बजे तक):** 09.02.2023, **निविदा खुलने की तिथि एवं समय (15:30 बजे तक):** 09.02.2023, **नोट:** निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी वेब साइट "https://www.bharat-electronictender.com" उपलब्ध है। पूर्ण निविदा प्रपत्र उक्त वेब साइट से डाउन लोड की जा सकती है।

वरि.मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य)
पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर

कोरोना को भगाना है, मास्क एवं वैक्सीन लगाना है।